पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

लखनऊः 11 जून, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज लाल बारादरी, ललित कला अकादमी में अरूणांचल प्रदेश के वनवासियों के जीवन पर आधारित पेंटिग प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी का आयोजन श्री जितेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य, रनजीव कालेज आफ फाईन आर्टस, ईटानगर, अरूणांचल द्वारा किया गया था।

श्री नाईक ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कला की दृष्टि से भारत विश्व का एक अत्यंत समृद्धशाली एवं गौरवशाली देश है। हमारे समाज में कला का आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि लखनऊवासियों को अरूणांचल प्रदेश की चित्रकला प्रदर्शनी अच्छी लगेगी और लोग पेंटिग क्रय करके चित्रकार का प्रोत्साहन करेंगे।

राज्यपाल ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि जितेन्द्र सिंह जी की चित्रकला अभिव्यक्ति सराहनीय है। उन्होंने इस अवसर पर बरेली के चित्रकार श्री वसीम इदरीसी की प्रदर्शनी को भी देखा और सराहना की।।